सीएम योगी ने दी हरी झंडी, तीन को बांटेंगे वित्तीय मदद

सीतापुर समेत चार जिलों में औद्योगिक पार्क बनेंगे

तैयारी

■ **अजित खरे**

लखनऊ। यूपी में प्लेज योजना के तहत निजी जमीन पर सात और औद्योगिक पार्क बनने जा रहे हैं। इनमें से चार पार्क मथुरा, मेरठ, सीतापुर व अमरोहा के लिए सरकार ने मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए डवलपर को जरूरी धनराशि का वितरण इसी तीन जनवरी को करेंगे।

यहां औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए डवलपर को एक प्रतिशत ब्याज पर सरकार लोन देगी। इस धनराशि का उपयोग निवेश परियोजना के लिए जरूरी बुनियादी सुविधाएं विकसित करने में होगा।

इसमें जमीन समतल करना, चाहरदीवारी बनाना, सड़क, सीवर, पानी, एसटीपी विकसित करना शामिल है। न्यूनतम 10 उद्योग लगने की शर्त के साथ इस पार्क को सरकार ने मंजूरी दी है। यहां सिडबी डवलपर को

51
हजार करोड़ का कर्ज सीएम तीन जनवरी को बांटेंगे

वित्तीय मदद उपलब्ध कराएंगे।

इसके अलावा श्रावस्ती व उन्नाव में भी निजी व विकासकर्ताओं ने अपनी जमीन पर औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए प्रस्ताव भेजा है।

यही नहीं मथुरा में भी एक और डवलपर ने अपनी जमीन का प्रस्ताव भेजा है। इस तरह तीन पार्क के लिए जरूरी औपचारिकताओं को पूरी करने का काम एमएसएमई विभाग कर रहा है। यह सारे पार्क प्लेज (प्रमोटिंग लीडरशिप एंड इंटरप्राइज फार डवलपमेंट आफ ग्रोथ इंजन) योजना के तहत विकसित किए जा रहे हैं। गत वर्ष चार पार्क को सरकार ने मंजूरी दी थी। इसमें स्टांप डयूटी में पूरी छूट भी मिलेगी।

हजारों एमएमएमई को दिया जाएगा ऋण

मुख्यमंत्री तीन जनवरी को हजारों इकाइयों को अपना व्यवसाय शुरू करने या बढ़ाने को 51 हजार करोड़ रुपये का लोन वितरित करेंगे। पहली बार एक साथ एमएसएमई इकाइयों को इतनी बड़ी धनराशि लोन के रूप में दी जाएगी। प्रतीकात्मक तौर पर वह पांच एमएसएमई उद्यमियों को ऋण का चेक देंगे।

लखनऊ में बनेगा ट्रेड प्रमोशन मॉल

लखनऊ के गोमतीनगर में निर्यात प्रोत्साहन के लिए एक हेरिटेज मॉल बनेगा। इसमें हस्तशिल्प, कलाकृतियां, ओडीओपी उत्पाद प्रदर्शित होंगे। यहां हस्तशिल्पी व कारीगर निर्यातकों से मिल कर आर्डर ले सकेंगे। सीएम इसका भी शिलान्यास करेंगे।